# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

षष्ठम् झारखण्ड विधान–सभा
संख्या–03

प्रथम सत्र
बुधवार, दिनांक–11दिसम्बर, 2024 ई०।

**समय–11.00 बजे पूर्वा० से 11.55 बजे पूर्वा० तक।**
**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

### 1.माननीय राज्यपाल से प्राप्त संदेश–

माननीय अध्यक्ष महोदय ने माननीय राज्यपाल महोदय से प्राप्त निम्न संदेश से सदन को अवगत कराया–

"भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं संतोष कुमार गंगवार, झारखण्ड का राज्यपाल, एतद् द्वारा झारखण्ड विधान सभा को दिनांक–11 दिसम्बर, 2024 को 11.30 बजे पूर्वा० में सम्बोधित करना चाहता हूँ और इस हेतु झारखण्ड विधान सभा वेश्म, राँची में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ"।

ह०/–
संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

राँची, दिनांक–29 नवम्बर, 2024

तत्पश्चात् माननीय सदस्यों को आवश्यक निदेश देते हुए उनकी अगवानी हेतु सदन से बाहर गये।

**(इस अवसर पर माननीय राज्यपाल महोदय के साथ माननीय अध्यक्ष महोदय का सदन में आगमन।)**
**(राष्ट्रीय धुन)**

### 2.माननीय राज्यपाल का अभिभाषण–

सभा सचिव द्वारा आग्रह किये जाने पर माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा अभिभाषण प्रारम्भ किया गया।

माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा सर्वप्रथम षष्ठम् विधान सभा के नवनिर्वाचित माननीय सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए शुभकामनायें प्रेषित की गयी। अभिभाषण के क्रम में सरकार की आगामी भावी कल्याणकारी एवं जनहित में उपयोगी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से सदन को अवगत कराया गया। उनके द्वारा सरकार के व्यापक दृष्किोण को उद्दृत करते हुए समाज के वंचितों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों एवं गरीबों की खुशहाली तथा महिलाओं के कल्याण के लिए किये जाने वाले योजनाओं का विशेष रूप से उल्लेख किया गया।

उन्होंने उम्मीद जतायी कि षष्ठम् विधान सभा के सभी सत्र अपनी अभिव्यक्ति, कार्यों, विधायी दायित्वों और उच्च आदर्शों के निर्वहन में पूरे देश के सामने लोकतंत्र के मर्यादा पथ का अनुकरणीय आदर्श प्रस्तुत करेंगे।

अंत में पुनः सभी निर्वाचित सदस्यों को झारखण्ड के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी और जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए एक सुखी, समृद्ध एवं उन्नत झारखण्ड के निर्माण में पूरी निष्ठा से कार्य करने का संदेश देते हुए बधाई दी गयी।

**(राष्ट्रीय धुन)**

(तदुपरांत माननीय राज्यपाल महोदय को विदा करने माननीय अध्यक्ष महोदय सदन से बाहर तक गये।)

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

## 3.आसन से सूचना–

माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर आज दिनांक–11.12.2024 को 03.00 बजे अप० तक संशोधन दिये जाने हेतु आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया। संशोधन का प्रस्ताव दलीय नेता अथवा उनके द्वारा अधिकृत सदस्य दे सकेंगे और प्रत्येक दल से मात्र एक ही संशोधन स्वीकार्य होगा तत्सम्बन्धी नियमन आसन से दिया गया।

## 4.वित्तीय कार्य–

आसन की अनुमति से प्रभारी वित्त मंत्री, श्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा भारत का संविधान के अनुच्छेद 203 के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए 31 मार्च, 2025 को समाप्त होनेवाले वर्ष के भीतर शोधन के दौरान आनेवाले भारों के वहन के लिए 11697,45,00,000–(ग्यारह हजार, छः सौ संतानवे करोड़, पैंतालीस लाख) रुपये मात्र का द्वितीय अनुपूरक व्यय–विवरणी का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया जिसपर कटौती का प्रस्ताव आज दिनांक–11.12.2024 को 04.00 बजे अप० तक सभा सचिव को दिये जाने की सूचना आसन द्वारा सदन को दी गयी।

## 5.समिति के गठन का प्रस्ताव–

आसन की अनुमति से प्रभारी संसदीय कार्य मंत्री, श्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–237, 239 तथा 241 के अधीन क्रमशः लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति तथा सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति के गठन हेतु अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा को प्राधिकृत करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिसपर ध्वनिमत से सभा की सहमति हुई।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनांक–12.12.2024 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक–11 दिसम्बर, 2024 ई०।

माणिक लाल हेम्ब्रम
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।